Title: Need to set up an Indian Institute of Technology in Bihar − Laid.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय): बिहार राज्य के विभाजन के फलस्वरूप प्राविधिक शिक्षा व्यवस्था को गहरा आघात लगा है क्योंकि राज्य के तीन अग्रणी प्राविधिक संस्थान झारखंड राज्य में चले गये हैं। राज्य में मानव संसाधन विकास की आवश्यकता तथा चहुंमुखी विकास में मानव संसाधन की अनिवार्यता को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि कई अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी भारतीय प्राविधिकी संस्थान (इंडियन इन्सीटच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी) की एक इकाई खोली जाये। देश के लगभग सभी जनसंख्या बहुल प्रदेशों में भी भारतीय प्राविधिक संस्थान स्थापित हैं।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाकर आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार में प्राविधिक शिक्षा की मांग तथा राज्य के औद्योगिक विकास की आवश्यकताओं को देखते हुए बिहार में एक भारतीय प्राविधिक संस्थान स्थापित कराने की कृपा की जाये।